प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920 बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

- देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती को देश बाल दिवस के रूप में मना रहा –प्रदेश भर में कई कार्यक्रम होंगे आयोजित।
- समग्र देश राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा।
- चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का आज अंतिम दिन–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता।
- 44वां अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में।
- जनजातीय जिला किन्नौर में महिलाओं को पैतृक संपत्ति के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए रिकांगपिओ में महिला नेताओं का सम्मेलन आज

बाल दिवस

आज बाल दिवस है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर हर वर्ष देश भर में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाता है क्योंकि पंडित नेहरू को बच्चों से गहरा स्नेह था और उनका मानना था कि आज के बच्चे कल के भारत के निर्माता हैं। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश महिला एवं बाल विकास निदेशालय द्वारा शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट कल्चरल मीट–2025 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वहीं शिमला के टूटीकंडी स्थित बाल आश्रम में आज से 16 नवम्बर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चम्बा जिला के बाल देखभाल संस्थान पांगी, किलाड़ के 18 बच्चे भाग ले रहे हैं। वे इस दौरान विभिन्न विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। जबकि जनजातीय जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में होने वाले जिला स्तरीय बाल मेला समारोह में जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से देश के प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वंदे मातरम

समग्र देश राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा है। वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता सेनानियों को आंदोलित किया था और पूरे देश को एकजुट किया था। यह आज हमें फिर स्मरण करा रहा है कि वंदे मातरम् मात्र एक गीत ही नहीं बल्कि राष्ट्र की अदम्य शाश्वत भावना का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक रचना के प्रति भावांजलि स्वरूप वर्ष भर चलने वाले समारोहों पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट।

लवी मेला

चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का आज अंतिम दिन है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस मेले के समापन अवसर पर  शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। लवी मेला आधिकारिक रूप से आज समाप्त हो रहा है, हालांकि मेले में करीब एक माह तक व्यापारिक गतिविधियां चलती रहेंगी। लवी मेले में हर साल अरबों रुपए का कारोबार होता है। हालांकि इस बार लवी मेले में महंगाई और ऑनलाइन शॉपिंग के चलते व्यापारियों में थोड़ी मायूसी है।

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आकांक्षी जिला चंबा की ग्राम पंचायत हरिपुर में 200 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत के इस प्लांट के बनने से इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस प्लांट के लिए सभी आवश्यक विभागीय औपचारिकताएँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारी और परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा को निर्देश दिए कि वे पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर 6 बीघा भूमि का प्रावधान सुनिश्चित करें तथा परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही एफआरए केस शीघ्र तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

अधिक जानकारी के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता

डिस्पेच....

*प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चम्बा जिला की हरिपुर पंचायत में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने के पश्चात ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष लगभग 10 से 11 लाख रुपये की आय प्राप्त होगी जिससे पंचायत आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी। इसके तहत हरिपुर पंचायत के प्रत्येक पांच वार्डों में 10 सौर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। इसके अतिरिक्तिए पंचायत घर एवं चार शिक्षण संस्थान भी इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस सम्बन्ध में जल्द आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर*

दिल्ली व्यापार मेला

44वां अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मेले का उद्‌घाटन करेंगे। मेले में शुरू के पांच दिन व्यापारी वर्ग के लिए होंगे, आम लोगों के लिए मेला 19 तारीख से खुलेगा। इस वर्ष मेले की थीम है .एक भारत श्रेष्ठ भारत। चौदह दिन तक चलने वाले इस मेले में देश के सभी राज्यों सहित 60 से अधिक मंत्रालय शामिल होंगे। चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात सहित 12 देश भी मेले में भाग ले रहे हैं।

महिला सम्मेलन

जनजातीय जिला किन्नौर में महिलाओं को पैतृक संपत्ति के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्‌देश्य से आज रिकांगपिओ में महिला नेताओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता रत्न मंजरी नेगी की पहल पर किया जा रहा है। अधिकारी जानकारी के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता।

डिस्पेच

*जिला किन्नौर की महिला नेताओं का सम्मेलन आज रिकांग पिओ में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का आयोजन प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता रत्न मंजरी नेगी की पहल पर आज किया जा रहा है। यह कार्यक्रम किसी राजनीतिक रैली के रूप में नहींए बल्कि एक विचार विमर्श बैठक के रूप में संपन्न हो रहा है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों, ब्लॉक विकास समितियों, जिला परिषदों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न गैर.सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाएं भाग ले रही हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय जिला किन्नौर में महिलाओं के पैतृक संपत्ति अधिकारों को लेकर चल रहे संघर्ष को आगे बढ़ाने की रणनीति तय करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज के दिन इस कार्यक्रम के अलावा कोई अन्य बड़ी राजनीतिक रैली या जनसभा घोषित नहीं की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता रत्न मंजरी नेगी ने सभी गाँवों की महिलाओं से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होकर अपने सहयोग और सुझाव प्रदान करें।*

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कल कसुंपटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुफरी–शवाह, मूलकोटी और मशोबरा पंचायतों में लगभग 1 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से चौड़ी व पक्की होने वाली सात संपर्क सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने शवाह. चौकी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कें हमारे जीवन की भाग्य रेखाएं हैं। सड़कों के बिना पंचायत क्षेत्र का विकास असंभव है। इसलिए प्रदेश के हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कुफरी पंचायत क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिए 1 करोड़ 25 लाख रूपए से निर्मित होने वाली नैड खड्ड–हिमरी उठाऊ पेयजल योजना निर्मित की जाएगी जिसके निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने की प्रक्रिया जारी है।

## चिंतपूर्णी महोत्सव

ऊना ज़िला में माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव आज से 16 नवम्बर तक अंब में आयोजित किया जाएगा। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज इस महोत्सव का शुभारंभ करेंगे, जबकि समापन समारोह की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया करेंगे। तीन दिवसीय इस महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जाने–माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा महोत्सव में विभिन्न उत्पादों पर आधारति प्रदर्शनियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं कर्मियों को बड़ी राहत, हायर ग्रेड पे वापस लेने की अधिसूचना पर हाईकोर्ट की रोक। पंजाब केसरी ने लिखा है हाईकोर्ट ने मेडिकल कालेज टांडा में आउटसोर्स आधार पर नर्सों की भर्ती पर रोक लगाई।

शीतकालीन सत्र से पहले 24 को केबिनेट शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा सत्र में रखे जाने वाले विधेयकों पर होगी चर्चा।

12 आयुर्वेदिक अस्पतालों में शुरू होगा पंचकर्मा तकनीशियन पाठयक्रम शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है केरल की तर्ज पर स्वास्थ्य व चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा।

## 'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती को देश बाल दिवस के रूप में मना रहा –प्रदेश भर में कई कार्यक्रम होंगे आयोजित।

समग्र देश राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा।

चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का आज अंतिम दिन–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता।

44वां अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में।

जनजातीय जिला किन्नौर में महिलाओं को पैतृक संपत्ति के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए रिकांगपिओ में महिला नेताओं का सम्मेलन आज